प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

20.05.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राज्यपाल का युवाओं से खेलों को समर्पण और जुनून के साथ अपनाने का आह्वान।
- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए निर्विरोध चुने गए 10 हजार 8 सौ 54 पदाधिकारी।
- पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर—उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए कड़ी धूप में बहा रहे हैं पसीना।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी कल।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी—फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने युवाओं से खेलों को समर्पण और जुनून के साथ अपनाने का आह्वान किया है। राज्यपाल जम्मू में इंडिया ओपन राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो युवा निशानेबाजों को सम्मानित करने के मौके पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि कम आयु में इन खिलाड़ियों की उपलब्धियां उनकी असाधारण प्रतिभा, कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। राज्यपाल ने ये भी कहा कि हमारे युवा खिलाड़ी देश का भविष्य हैं और उनकी उपलब्धियां अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कविंद्र गुप्ता ने कहा कि हमें खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

निर्विरोध निर्वाचित

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए होने जा रहे चुनाव में 10 हजार 8 सौ 54 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इनमें 85 पंचायत समिति सदस्य, एक सौ 76 ग्राम पंचायत प्रधान, 2 सौ 86 उप प्रधान और 10 हजार 3 सौ 7 वार्ड सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा एक सौ 31 ग्राम पंचायतें पूरी तरह से निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। आयोग ने कहा है कि निर्विरोध निर्वाचन के बाद अब इन पदों पर मतदान नहीं होगा और इससे चुनावी खर्च और प्रशासनिक प्रक्रिया का बोझ कम होगा।

आयोग ने कहा है कि शेष पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान होगा। पंचायतों के चुनाव परिणाम मतदान के तुरंत बाद घोषित कर दिए जाएंगे जबकि पंचायत समितियों, जिला परिषदों और चार नगर निगमों के चुनाव परिणाम 31 मई को घोषित किए जाएंगे।

कांगड़ा चुनाव

उधर कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संप्पन करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले की करीब 8 सौ 50 पंचायतों के लिए होने वाले चुनाव में 12 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 3 सौ 30 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

केवल पठानिया

प्रदेश सरकार में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दावा किया है कि नगर निकाय चुनावों में राज्य की जनता ने प्रदेश सरकार के तीन साल के कार्यकाल पर भरोसा जताया है और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। पठानिया ने शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रदेशभर में 47 नगर निकायों में से 29 में जीत दर्ज की है जबकि भाजपा को केवल 16 निकायों में ही जीत मिली है।

संगोष्ठी

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय 21 और 22 मई को शाहपुर परिसर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। ये संगोष्ठी अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के संदर्भ में आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल ने कहा कि इस संगोष्ठी में देश–विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी से प्राप्त शोध निष्कर्षों और सुझावों को उचित मंचों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया जाएगा ताकि नीति निर्माताओं को पर्यावरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों में बेहतर और सुरक्षित निर्णय लेने में मदद मिल सके।

नशा निवारण

हिमाचल प्रदेश नशा निवारण के पूर्व संयोजक व सलाहकार ओपी शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में नशा रोकने में विफल रही है। ओपी शर्मा ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य में नशा खत्म करने में गंभीर नहीं है और प्रदेश में डार्क वेब जैसे खतरनाक टूल के माध्यम से नशे की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल पुलिस के भरोसे नशे को खत्म नहीं किया जा सकता। इसके लिए समाज का सहयोग और जागरूकता जरूरी है। ओपी शर्मा ने ये भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने नियमों को दरकिनार कर नशा निवारण बोर्ड का गठन किया है और इसमें राजनीतिक व्यक्ति को संयोजक बनाया गया है।

सरवाईकल कैंसर

केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रव्यापी एच.पी.वी टीकाकरण अभियान कुल्लू जिला में भी शुरू हो गया है। ये टीका किशोरियों को सरवाईकल कैंसर से बचाएगा। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को का एच.पी.वी का टीका लगाया जाएगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता...

मौसम

प्रदेश में मई की गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश में इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा और मैदानों से लेकर पहाड़ों तक लोगों को जबरदस्त गर्मी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में भी भीष्ण गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। विभाग ने आज भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर लू चलने का अलर्ट जारी किया है। एक रिपोर्ट...

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में एक सौ 76 प्रधान, 2 सौ 86 उप प्रधान समेत 10 हजार 8 सौ 54 पंचायत प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित।

प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है तबादले के खिलाफ याचिका दायर करने से रोकना न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप या बाधा डालने के समान।

दैनिक जागरण की एक खबर है परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में छठे स्थान पर पहुंचा हिमाचल।

मुख्यमंत्री के हवाले से हिमाचल दस्तक लिखता है महिलाओं को ब्यूटी पार्लर–बूटीक के लिए मिलेगा तीन लाख का ऋण।

हिमाचल के चार जिलों में चली लू शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है ऊना में 43 दशमलव 4 डिग्री तक पहुंचा पारा, अगले 48 घंटे के लिए हीटवेव का अलर्ट।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल का युवाओं से खेलों को समर्पण और जुनून के साथ अपनाने का आह्वान।
- प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए निर्विरोध चुने गए 10 हजार 8 सौ 54 पदाधिकारी।
- पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर–उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए कड़ी धूप में बहा रहे हैं पसीना।

- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी कल।

- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी–फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं।